संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2023

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक **25 जून 2023 (रविवार)** को देश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों/ स्थलों पर इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2023 का आयोजन करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए ई-प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट (https://upsconline.nic.in) पर अपलोड किए हैं। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त परीक्षा के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें।

2. उम्मीदवारों को उन्हे आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। साथ ही उम्मीदवारों को परीक्षा के दोनों सत्रों में प्रवेश के लिए अपने साथ वह फोटो पहचान पत्र लाना होगा, जिसकी संख्या का उल्लेख ई-प्रवेश पत्र पर किया गया है।

3. यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है, धुंधली है या उपलब्ध नहीं है तो उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए एक वचनबंध (अंडरटेकिंग) तथा अपना फोटो पहचान पत्र एवं अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट और दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो) अपने साथ लाने होंगे।

4. ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल (आईडी usengg-upsc@nic.in) के माध्यम से सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामले में निर्णय लिया जा सके।

5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें और "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

6. यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा-स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले, अर्थात् पूर्वाह्न सत्र के लिए प्रात: 08:50 बजे तथा अपराह्न सत्र के लिए अपराह्न 01:50 बजे बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. **उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

जारी....2/-

8. उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे इस परीक्षा के लिए **काला बॉल पॉइंट पेन** साथ लेकर आएं क्योंकि उम्मीदवारों को उपस्थिति सूची में प्रविष्टियां **काले बॉल पॉइंट पेन से ही** करनी होगी।

9. इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा, आयोग को केवल "ऑनलाइन प्रश्न-पत्र अभ्यावेदन पोर्टल" ["Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"] के यूआरएल https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से 26 जून से 2 जुलाई, 2023 (सायं 6 बजे तक) की अवधि के दौरान ही प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त तथा इस अवधि के बाद कोई भी अभ्यावेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10. उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/भवन के भीतर सामान्य अथवा साधारण कलाई घड़ी ले जाने की अनुमति होगी। परन्तु, किसी विशेष एक्सेसरी से युक्त घड़ियां, जिन्हें संचार साधन के तौर पर प्रयोग किया जा सके अथवा स्मार्ट वाच का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है और उम्मीदवारों को इस प्रकार की घड़ियां परीक्षा कक्ष/भवन में ले जाने की अनुमति नहीं है।

11. **उम्मीदवार पारदर्शी शीशी में हैंड सैनीटाइजर अपने साथ लेकर आ सकते हैं। उपर्युक्त के अतिरिक्त, उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल परिसर के साथ-साथ परीक्षा हॉल/ कक्ष के भीतर 'कोविड-19 के संदर्भ में' सामाजिक दूरी तथा 'व्यक्तिगत स्वच्छता' के मानदण्डों का पालन करना होगा।**

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव जैसा कोई स्टोरेज मीडिया, स्मार्ट वॉच (डिजिटल वॉच भी) आदि अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर संबंधित उम्मीदवार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन भी शामिल है।
कीमती/ महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल पर लाने की अनुमति नहीं है।

संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069, दिनांक: 5 जून, 2023